# झंड़ा ऊँचा रहे हमारा

---

## मातृभूमि

**Que 1: कविताँश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें ।** ***Marks :(7)***

**Ans:**

- भारत की स्वतंत्रता केलिए लाखों देश-भक्त कुरबानी की
- द्विवेदी युगीन महान कवि मैथिलीशरण गुप्त
- सुन्दर मातृभूमि
- मातृभूमि से सभी सुख हमको मिला
- देशप्रेम से मुखरित कविता
- देश केलिए समर्पण

**Que 2: तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा- कवि इसप्रकार क्यों सोचता है ?** ***Marks :(4)***

**Ans:**

- मातृभूमि से सभी सुख पाया
- शरीर मातृभूमि से बना हुआ
- मातृभूमि के सुरस-सार से सना हुआ
- ऐसी मातृभूमि केलिए बलिदान करने का मौका मिलने पर ही प्रत्युपकार कर सकेगा

**Que 3:** ***कविताँश पढ़कर नी*****चे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए** ***Marks :(2)***

**पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा।**

**तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?**

**तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है।**

**बस तेरे ही सुरस-सार से सनी हुई है।।**

**फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी।**

**हे मातृभूमि , यह अंत में तुझमें ही मिल जाएगी।।**

**1. कविता की रचयिता कौन है ?**

**2. हर भारतवासी अंत में किसमें लीन हो जाएगा ?**

**Ans:** 1. मैथिलीशरण गुप्त

2. मातृभूमि में

**Que 4:** ***मातृभूमि*** **कविता की आस्वादन-टिप्पणी लिखें ।** ***Marks :(7)***

**Ans:**

- कविता का आशय-ग्रहण करना
- आशय का विश्लेषण करना
- कवि एवं काव्यधारा को पहचानना
- कविता में काव्यधारा की विशेषताएँ ढूँढ़ना
- टिप्पणी के रूप में लिखना

**Que 5: तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा - कवि ऐसा क्यों सोचता है ?** ***Marks :(4)***

**Ans:**

- मातृभूमि से सभी सुख पाया
- शरीर मातृभूमि से बना हुआ
- मातृभूमि के सुरस-सार से सना हुआ
- ऐसी मातृभूमि के लिए बलिदान करने का मौका मिलने पर ही प्रत्युपकार कर सकेगा

**Que 6: मातृभूमि से कवि का बचपन कैसे जुड़ा है ?** ***Marks :(4)***

**Ans:**

- धूल में लोट-लोट कर बड़े हुए
- घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए
- बाल्यकाल में परमहंस जैसे सदा सुख पाए
- मातृभूमि की गोद में हर्षयुत खेले और कूदे

**Que 7: दो शब्दों के मेल से बने हुए** ***पाँच*** **शब्द कविता से चुनकर लिखें ।** ***Marks :(5)***

**Ans:** रत्नाकर - रत्नों का आकर

नीलांबर - नीले रंग का अंबर

शेषफन - शेष नाग का फन

हर्षयुत - हर्ष से युत

सर्वेश - सर्वों का ईश

**Que 8: भारतवासी कैसे खड़े हुए हैं ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** घुटनों के बल पर सरक-सरक कर खड़े हुए हैं।

**Que 9: मातृभूमि का सिंहासन क्या है ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** शेषफन ।

**Que 10:** ***कविताँश पढ़कर नी*****चे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए**

**नीलांबर परिधान हरित तट पर सुंदर है।**

**सूर्य-चन्द्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है।।**

**नदियाँ प्रेम प्रवाह फूल तारे मंड़न हैं।**

**बंदीजन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है।।**

**करते अभिषेक पयोद है, बलिहारी इस वेष की।**

**हे मातृभूमि , तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की ।।**

**1. मातृभूमि का परिधान क्या है ?**

**2. बंदीजन कौन है ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** 1. नीलांबर

2. खगवृन्द (पक्षी गण)

**Que 11: मातृभूमि की मेखला क्या है ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** रत्नाकर

**Que 12: मातृभूमि का परिधान क्या है ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** नीला आकाश

**Que 13: हम भारतवासी कैसे हर्ष का अनुभव करते हैं ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** मातृभूमि की प्यारी गोद में खेल-कूद कर हर्ष का अनुभव करते हैं ।

**Que 14: किसके रज में लोट-लो़ट कर बड़े हुए हैं ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** मातृभूमि के रज में लोट-लो़ट कर बड़े हुए हैं

**Que 15: कवि अपनी मातृभूमि केलिए क्या करना चाहता है ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** अपने आप को बलिहारी देना चाहता है ।

**Que 16: कवि ने नदियों का चित्रण किस प्रकार किया है ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** नदियाँ प्रेम प्रवाह है ।

**Que 17: मातृभूमि के आभूषण क्या-क्या है ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** फूल और तारे

**Que 18: मातृभूमि का मुकुट क्या - क्या है ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** सूर्य और चन्द्र

**Que 19: मातृभूमि कैसे सुन्दर है ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** मातृभूमि हरित तट से सुन्दर है ।

**Que 20 : यह देह किससे बनी हुई है ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** यह देह मिट्टी से बनी हुई है ।

**Que 21: हमने मातृभूमि से क्या भोगा ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** हमने मातृभूमि से सभी सुखों को भोगा ।

**Que 22: कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें ।** ***Marks :(7)***

**Ans:**

- हिन्दी साहित्य के द्विवेदी युगीन प्रतिभा संपन्न कवियों में प्रमुख है मैथिली शरण गुप्त
- भारत की स्वतंत्रता केलिए लाखों देश-भक्त कुरबानी दी
- मातृभूमि का रूप कितना सुन्दर है
- सर्वेश की सगुण मूर्ति
- परमहंस सम बाल्यकाल
- मातृभूमि की सुरस-सार से सना हुआ
- अन्त में मातृभूमि में मिल जाना
- देश केलिए अपने आप को समर्पण करना

**Que 23: किसके रज में लोट-लोट़ कर हम बड़े हुए हैं ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** मातृभूमि के रज में लोट-लोट़ कर हम बड़े हुए हैं

**Que 24: मातृभूमि ने हम पर क्या-क्या उपकार किए ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** सुख और संतोष देकर उपकार किए ।

**Que 25: मातृभूमि का वर्णन किस प्रकार किया गया है ?** ***Marks :(4)***

**Ans:**

- नीलाकाश रूपी वस्त्र
- हरित तट
- सूर्य-चन्द्र रूपी मुकुट
- रत्नाकर रूपी मेखला
- प्रेम-प्रवाही नदियाँ
- फूल-तारे रूपी आभूषण
- शेषफन रूपी सिंहासन

# बेटी के नाम

**Que 1: बेटी को बादशाह का जवाबी पत्र मिला। अपने पिताजी की हालत जानकर वह अत्यन्त दुखी हो जाती है। बेटी के उस दिन की डायरी तैयार करें।** ***Marks :(7)***

**Ans:**

- परिवारवालों की सोच
- दिल्लीवासियों के प्रति आकुलता
- खत पढ़ने पर उत्पन्न दर्द
- खत का आशयग्रहण
- आशय का विश्लेषण
- बहादुरशाह का आत्मसंघर्ष
- बादशाह के मन की संवेदना
- आत्मसंघर्ष एवं संवेदना को संक्षिप्त रूप में लिखना
- डायरी की भाषा एवं रूपरेखा अपनाना

**Que 2: बादशाह ने तोह़फे के एवज़ में क्या दिया ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** मलिका का हार दिया ।

**Que 3: किसने कैदी बाप को खत भेजा ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** बिटिया ने

**Que 4: खत बाप को कैसे लगा ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** आँसूनामा

**Que 5: मान लें, प्लस टू परीक्षा में आपको पूरा A+ मिला । पिताजी ने आपको बधाई (congratulation) पत्र भेज दिया।** ***Marks :(7)***

**उसका जवाबी पत्र लिखें।**

**Ans:** संकेत -

- पिताजी के प्रति आदर
- कृतज्ञता प्रकट करना
- अपनी उमंगों की जिक्र

**Que 6: खत किसने पढ़कर सुनाया ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** बेटे ने

**Que 7: सम्राट की बेटी की बारात की अग़वानी के सेहरे किन्होंने लिखे थे ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** गालिब और जौक ने

**Que 8: लकड़ी का पुराना -सा मकान कैसा है ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** दो कमरोंवाला, बरसात में टपकनेवाला मकान है ।

**Que 9: इनाम के बदले बादशाह ने क्या दिया ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** मलिका का एक हार

**Que 10: मलिका का हार देने की खबर जानकर ब्रिटीश वालों ने क्या किया ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** कैदियों का खर्च आधा कर दिया

**Que 11: बेटी के आँसूनामा ने बादशाह के मन को विचलित कर दिया। वे उस दिन की डायरी में इसका जिक्र करते हैं। वह डायरी तैयार करें।** ***Marks :(7)***

**Ans:**

- परिवारवालों की सोच
- दिल्लीवासियों के प्रति आकुलता
- खत पढ़ने पर उत्पन्न दर्द
- खत का आशयग्रहण
- आशय का विश्लेषण

- बहादुरशाह का आत्मसंघर्ष
- बादशाह के मन की संवेदना
- आत्मसंघर्ष एवं संवेदना को संक्षिप्त रूप में लिखना
- डायरी की भाषा एवं रूपरेखा अपनाना

**Que 12: कैदी बाप को अपनी बेटी का खत एक आँसूनामा लगा । क्यों ?** ***Marks :(4)***

**Ans**: बादशाह और बेटी दोनों अंग्रेज़ों के कैद में थी । कैदी होने के कारण वे आपस में मिल नहीं सकते थे । खत में पिता और पुत्री के पवित्र प्रेम की सूचना है। बेटी की परेशानियाँ एवं दिल्लीवासियों की यातना का दर्द भरा चित्र खत में था । इसलिए बादशाह को बेटी का खत आँसूनामा जैसे लगा ।

**Que 13: दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे...मैं भी उनको रोता हूँ - यहाँ शासक का कौन-सा गुण प्रकट होता है ?** ***Marks :(4)***

**Ans:** बादशाह के कथन से दिल्लीवासियों के प्रति उनका प्रेम प्रकट होता है । दिल्लीवासियों से उन्हें भी पर्याप्त मात्रा में प्यार प्राप्त हुआ था। न्यायप्रिय एवं प्रजा हित का विचार रखनेवाले एक सच्चे शासक के रूप में उभर अाते हैं।

**Que 14: "यह खत तुमको मिलेगा भी या नहीं" - बादशाह के मन में ऐसा शक क्यों उभरा होगा ?** ***Marks :(4)***

**Ans:** रंगून के कैद में रहकर बादशाह ने कई बार बेटी के नाम खत लिखा था । भरोसे के योग्य समझकर ही किसी व्यक्ति द्वारा वे खत दिल्ली में पहुँचाया करते थे। भरोसे रखनेवाले व्यक्ति कभी-कभी जासूस भी सिद्ध हुए थे। इसलिए बादशाह को शक हुआ।

**Que 15: कैदियों का खर्चा आधा कर दिया गया - क्यों ?** ***Marks :(3)***

**Ans:** ईद के दिन बादशाह ने इनाम के बदले मलिका का एक हार दिया। यह जानकर अंग्रेज़ों ने सोचा कि मुगलों के पास बहुत अधिक जवाहरात हैं। इसलिए कैदियों का खर्चा आधा कर दिया।

**Que 16: बादशाह के खत के निम्नलिखित वाक्य पढ़ें।** ***Marks :(4)***

- **तीन दफ़ा सुनने के बाद भी दिल को क़रार नहीं आया ।**
- **दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे। वे क्या यह नहीं जानते कि मैं भी उनको रोता हूँ।**

**- उपर्युक्त वाक्यों के आधार पर बादशाह के *चरित्र पर टिप्पणी* लिखें ।**

**Ans:** बादशाह के कथन में पिता और पुत्री के पवित्र प्रेम की सूचना है। पुत्री-स्नेह के साथ-साथ बादशाह के मन में दिल्लीवासियों के प्रति गहरा लगाव भी था। कैद में रहकर दिल्लीवासियों के बारे में भी वे सोचते हैं, उनकी दशा पर रोते हैं। यहाँ बादशाह एक आदर्श शासक एवं पिताजी की भूमिका निभाते हैं।

**Que 17: लेकिन अभी तो हम लकड़ी की भीगी हुई कब्र में ज़िन्दा ही दफ़न है। जब मर जाएँगे, तब भी कब्र में ही होंगे - इस कथन का तात्पर्य क्या है ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** गुलामी मौत से ज़्यादा कठोर है।

**Que 18: देशप्रेम - नए परिप्रेक्ष्य में विषय पर एक संगोष्ठी हो रही है। इस संगोष्ठी की एक रपट तैयार करें ।** ***Marks :(7)***

**Ans:** संकेत -

- देश के विकास केलिए आज़ादी की ज़रूरत है
- पुराने को छोड़ नए की तरफ़ जाना है
- जीवन और स्वतंत्रता का नव निर्माण करना है
- नियति को दिए नचन निभाना है
- वर्षों से शोषित जनता की आत्मा अपनी बात कहने केलिए तैयार होना है
- समर्पण के साथ जनता एवं मानवता की सेवा करने की प्रतिज्ञा लेना है।

**Que 19: अंग्रेज़ लोगों ने क्या हुक्म दिया ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** कैदियों का खर्चा आधा कर दिया ।

# मेरे भारतवासियो

**Que 1: कई वर्षों पहले भारतवासियों ने कौन-सा वचन दिया था ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** नियति को मिलने का

**Que 2: भारत की सेवा कैसे करनी है ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** समर्पण के साथ जनता की सेवा एवं मानवता की सेवा करनी है ।

**Que 3: सारी दुनिया सोते वक्त भारत किस प्रकार उठेगा ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** जीवन और स्वतंत्रता की नई सुबह के साथ उठेगा।

**Que 4: भारत की स्थिति कैसी थी ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** वर्षों से शोषित थी ।

**Que 5: स्वतंत्रता के इस पवित्र मौके पर भारतवासी कौन-सी प्रतिज्ञा ले रहे हैं ?** ***Marks :(3)***

**Ans:** भारत की, जनता की, सारी मानवता की सेवा करने की प्रतिज्ञा ले रहै हैं।

**Que 6: अब किसका समय आ गया है ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** अपना वचन निभाने का समय आ गया है

**Que 7: हमें किसके लिए परिश्रम करना है ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** अपने सपनों को साकार करने केलिए परिश्रम करना है ।

**Que 8: भारत ने अपनी अंतहीन खोज कब से प्रारंभ की ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** इतिहास के प्रारंभ के साथ प्रारंभ की ।

**Que 9: भारत की सेवा का अर्थ क्या है ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** लाखों-करोड़ों पिड़ित लोगों की सेवा करना ।

**Que 10: कब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** जब तक लोगों की आँखों में आँसू हैं और वे पिड़ित हैं तब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा ।

**Que 11: किसको अविभाज्य कहा गया है ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** शांति, स्वतंत्रता,समृद्धि को अविभाज्य कहा गया है ।

**Que 12: आगे भारतवासियों का कर्तव्य क्या है ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** स्वतंत्र भारत का महान निर्माण करने के लिए अपने अ ाप को समर्पण करना भारतवासियों का कर्तव्य है ।

**Que 13: नेहरूजी का भाषण पढ़नेवाली एक छात्रा अपने मित्र से इसके बारे में बातचीत करती है। वह बातचीत तैयार करें ।** ***Marks :(6)***

**Ans:**

- नेहरूजी का भाषण -प्रसंग का चयन करना
- प्रसंगानुसार विषय वस्तु का चयन
- बातचीत की शैली में लिखना
- सही शुरूआत होना
- सही समाप्ति होना

**Que 14: एक ऐसा क्षण जो इतिहास में बहुत ही कम आता है - कौन सा क्षण ?** ***Marks :(4)***

**Ans:** सदियों की कोशिश एवं अनेक शहीदों के बलिदानों के परिणाम स्वरूप १५ अगस्त १९४७ को भारत स्वतंत्र हुआ। १४ अगस्त की मध्यरात्रि में तिरंगा फहराते हुए नेहरूजी ने कहा कि एक ऐसा क्षण जो इतिहास में बहुत ही कम आता है ।

**Que 15: भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है - नेहरूजी ऐसा क्यों कहते हैं ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** लाखों-करोड़ों  पीड़ित लोगों की सेवा करने केलिए हमें निरंतर प्रयास करना है। इसलिए नेहरूजी ऐसा कहते हैं।

**Que 16: "आज हम दुर्भाग्य के एक युग का अंत कर रहे हैं और भारत पुनः खुद को खोज पा रहा है ।"  नेहरूजी के इस कथन का तात्पर्य क्या है ?** ***Marks :(3)***

**Ans:** पंडितजी के कथन का तात्पर्य है कि विदेशियों के गुलाम हो जाने पर भारत की संपत्तियाँ नष्ट होने लगी थी। अब आशा है स्वतंत्रता के उदय के साथ भारत की महिमा फिर से चमक उठेगी ।

**Que 17: नई सुबह में भारत कैसे उठेगी ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** जीवन और स्वतंत्रता के साथ उठेगी।

**Que 18: नए अवसरों के खुलने का कदम क्या है ?** ***Marks :(3)***

**Ans:** स्वतंत्रता एक ऐसा कदम है , नए-नए अवसरों को खोलता है । इसमें नई विजय और नई संभावनाओं की प्रतीक्षा कर सकता है।

**Que 19: आज कोई खुद को बिलकुल अलग सोच नहीं सकता , क्यों ?** ***Marks :(3)***

**Ans:** भारत वसुधैव कुटुम्बकम् के महान सिद्धांत को अपनानेवाला देश है । नेहरूजी का मतलब है कि भारत को अपनी प्रगति के साथ विश्व की प्रगति के बारे में भी सोचना होगा ।

**Que 20: भारत जीवन और स्वतंत्रता की नई सुबह के साथ उठेगा - नेहरूजी ने ऐसा क्यों कहा है ?** ***Marks :(4)***

**Ans:** सदियों से भारत गुलाम था । गुलामी की अवस्था में एक देश की जनता अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार देश की प्रगति में सहायता नहीं कर सकती । नेहरूजी का विश्वास है कि कल भारत स्वतंत्र होनेवाला है। इसलिए स्वतंत्र भारत की जनता देश की प्रगति में खुद को अर्पित करेगी।

**Que 21: कब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** जब तक लोगों की आँखों में आँसू हैं और वे पीड़ित हैं तब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा ।

**Que 22: लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करने का मतलब क्या है ?** ***Marks :(2)***

**Ans:** गरीबी और अज्ञानता को मिटाना

बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना

**Que 23: भारत की सेवा का अर्थ क्या है ?** ***Marks :(1)***

**Ans:** लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना ।

**Que 24: नेहरूजी के भाषण से प्रेरित होकर एक छात्र डायरी लिखता है । वह डायरी तैयार करें ।** ***Marks :(7)***

**Ans:** संकेत -

- भाषण का आशयग्रहण करना
- लाखों के बलिदान
- देशप्रेम
- सर्पण के साथ देश की सेवा करना

- मातृभूमि के प्रति आस्था